(2) पद्धति के विफल हो जाने को रोकने के लिए बारम्बारता रिले को पूर्व में ही स्थापित कर लिया गया है।

(3) प्राथमिकता फीडरों को इन क्षेत्रों में बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विनिर्दिष्ट किया गया है।

(4) अधिकांश पम्पों को, जब भार ज्यादा न हो, उस अवधि के दौरान चलाया जा रहा है।

(5) कोलफील्ड्स क्षेत्रों में ग्रहीत विद्युत संयंत्र भी स्थापित किए जा रहे हैं।

कोयला उद्योग का विकास

1785. **श्री राम जेठमलानी :**
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में कोयला उद्योग के विकास पर्याप्त संभावनाएं हैं ;

(ख) क्या सरकार ने इस प्रयोजनार्थ कोई कार्य योजना तैयार की है ;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी विस्तृत रूपरेखा क्या है और इस क्षेत्र के विकास हेतु क्या-क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं; और

(घ) यदि ऐसी कोई कार्य योजना तैयार नहीं की गई है, तो उसके क्या कारण हैं ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजीत कुमार पांजा) : (क) जी, हां।

(ख) से (घ) : कोयला उद्योगों के विकास के लिए योजना आयोग के परामर्श से सरकार ने आठवीं पंचवर्षीय योजना निष्पादित की है। आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिए निर्धारित किए गए विभिन्न लक्ष्य नीचे दिए गए हैं :—

(i) **मांग** : आठवीं पंचवर्षीय योजना (1996-97) के अंतिम वर्ष तक कोयले की मांग कच्चे कोयले के रूप में 311·00 मि० टन प्रक्षिप्त की गई है।

(ii) **उत्पादन** : आठवीं पंचवर्षीय योजना के अंतिम वर्ष (1996-97) के दौरान कोयले का उत्पादन लक्ष्य उपर्युक्त मांग की तुलना में 308.00 मि०टन निर्धारित किया गया है। इस संबंध में किसी भी तरह के अन्तराल को पिटहैड स्टाक से कोयले की निकासी करके पूरा किए जाने का प्रस्ताव है।

(iii) **उत्पादकता** : कोल इंडिया लि० के मामले में आठवी पंचवर्षीय योजना के अंत तक समग्र रूप में प्रतिव्यक्ति प्रतिपाली उत्पादन (ओ०एम०एस०) का 1.65 टन लक्ष्य रखा गया है।

धनबाद में गैर-कानूनी खनन कार्य

1786. **श्री गया सिंह** : क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) धनबाद के कितने स्थानों पर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (कोल इंडिया लिमिटेड) के कोयला क्षेत्रों में कोयले का गैर कानूनी खनन कार्य और उसकी बिक्री की जा रही है ;

(ख) इस संबंध में भारत कोकिंग कोल लि० को कुल कितना घाटा हुआ है; और

(ग) वर्ष 1992-93 के दौरान कोल इंडिया लि० की विभिन्न इकाईयों के संबंध में उत्पादन, बिक्री, आय-व्यय इत्यादि का ब्यौरा क्या है ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) कोल इंडिया लि० से प्राप्त सूचना के अनुसार